हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37 .4 डिग्री
न्यूनतम 18 .8 डिग्री

9 आंबेडकर कॉलोनी गली नंबर एक में पानी न ...

10 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षांत ...

खबर संक्षेप

सरकारी ऑफिस के पास पड़ी रेहड़ी लगाने पर जुर्माना

रोहतक। नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर में सरकारी कार्यालयों के आस-पास काफी रेहड़ी, फड़ी खड़ी रहती हैं व अक्सर देखने में आया है कि आमजन द्वारा अपने निजी वाहनों को गैर पार्किंग क्षेत्र में खड़ा कर दिया जाता है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन हो जाती है। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को नगर निगम की टीमें निगम क्षेत्र में निरीक्षण करेंगी तथा वर्जित क्षेत्र में रहेड़ी, फड़ी पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध जुर्माना लगाया जायेगा व नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि प्रताप मौहल्ला निवासी युवक अपने मकान में अवैध रुप से शराब बेचने का काम कर रहा है। पुलिस टीम ने आबकारी निरीक्षक को साथ लेकर उक्त मकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मकान से युवक को काबू किया गया। युवक की पहचान संदीप उर्फ सन्नी निवासी प्रताप मोहल्ला के रुप में हुई।

जनस्वाथ्य विभाग का हवन व भंडारा आज

महम। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा महम शहर के प्रथम जलघर स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान हवन और भंडारा आयोजित जाएगा। हवन सुबह 6 बजे होगा। जबकि भंडारा 10 बजे शुरू किया जाएगा। इस धार्मिक समारोह में जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अधिकारी सुरजीत सिंह मलिक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेई विकास राठी और संदीप भड़ करेंगे।

अग्निपथः भर्ती के लिए 25 तक कराए पंजीकरण

रोहतक। सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक गौतम चौहान ने बताया कि अग्निपथ योजना तथा नियमित एंट्री के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण के लिए 25 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल खुला रहेगा। भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार सेना की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय द्वारा अग्निपथ योजना के तहत रोहतक, झज्जर, सोनीपत और पानीपत जिला के उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन सहायता कैम्प लगाए जा रहे हैं।

जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने गिरावड़ निवासी मां-बेटे पर चाकू से हुए जानलेवा हमले की वारदात में गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल ने बताया कि 10 अप्रैल को पुलिस को मिली थी कि एक युवक ने गिरावड़ निवासी युवक संत कुमार व सरला को चाकू से चोटे मारी है। पुलिस टीम ने तुंरत कार्रवाई करते हुए संतकुमार निवासी गिरावड़ की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

बेची जा रही थी नकली पीवीसी पाइप, केस

महम। लाखन माजरा में एक दुकान पर नकली पीवीसी पाइप और टंकियां बेची जा रही थी। कंपनी को जब इस बात की सूचना मिली तो कंपनी अधिकारी ने इसकी शिकायत लाखन माजरा थाने में दी। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरके एसोसिएट के ऑपरेशन मैनेजर अमित दुबे पुत्र श्री रामप्रसाद दुबे ने बताया कि उसको और उसकी कंपनी को उनकी आधिकारित कंपनी एमएस आशीर्वाद पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एमएस सुप्रीम प्लास्टिक लिमिटेड की ओर से उनके नाम से नकली सीपीवीसी बेच रहा था।

▶▶ खरीद एजेंसियों के लिए भी स्थिति होगी मुश्किल ▶▶ अधिक नमी रही तो खरीद की प्रक्रिया में होगी देरी ▶▶ गेहूं की गुणवत्ता खराब होने का डर

जिले में शाम को तेज आंधी के बाद शुरू हुई बारिश 9 बजे तक चली

शहर में कई घंटे बिजली गुल रहने से लोग परेशान रहे

मंडियों में भीगा 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं! अब बिक्री के लिए किसान होंगे परेशान

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गत 10 अप्रैल की रात में सक्रिय हुआ पश्चिमी विक्षोभ 11 अप्रैल शुक्रवार शाम को किसानों के लिए आफत ले आया। शाम को समूचे जिले में हुई बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ। मंडियों में कितना गेहूं भीगा, इसका पूरा डाटा उपलब्ध नहीं है, लेकिन अधिकारिक जानकारी के मुताबिक जिले में तकरीबन 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं भीगा।

रोहतक, सांपला, कलानौर और महम के अलावा गांवों में सीजनली मंडियां भी हैं। इन सभी से देर रात तक मिली सूचनाओं के मुताबिक गेहूं को काफी नुकसान हुआ। हालांकि अभी तक सीजनली मंडियों में जिंस की आवक ज्यादा नहीं थी। बीते दो-तीन से गेहूं आवक में थोड़ी तेजी आई थी। तकरीबन 1500 मीट्रिक टन सरसों भीगने की आशंका अधिकारी जता रहे हैं।

अब ये होगी दिक्कत

जो गेहूं मंडी पहुंच रहा था, वह पूरा का पूरा खुले आसमान के नीचे खुले में ही पड़ा था। हालांकि गेहूं को भीगने से बचाने की पूरी जिम्मेदारी आढ़तियों पर होती है। संसाधन आढ़ती जुटाते नहीं हैं या जुटा नहीं पाते। ये तो प्रशासनिक मशीनरी ही सही-सही बता सकती है। लेकिन जब भी कटाई सीजन में बरसात होती है तो मंडियों में फसलों का हर बार भीगना लाजिमी ही है। ऐसे में अब किसानों के सामने भीगे हुए गेहूं को बेचने के लिए खरीद एजेंसियों के सामने गिड़गिड़ाना पड़ेगा। सरकार ने निर्धारित किया हुआ है कि फसल में कितनी नमी होने तक ही खरीदा जाएगा।

काफी बरसात हुई है। ऐसे में गेहूं में नमी की मात्रा सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों अब कई गुना ज्यादा मिलेगी।

बड़ा सवाल, क्यों नहीं किए इंतजाम

मौसम को लेकर चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने गत 7 अप्रैल को पूर्वानुमान जारी किया था कि 10 अप्रैल की रात से प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। विक्षोभ की गतिविधियों की वजह से राज्य के मौसम में बदलाव आएगा। कहीं-कहीं हल्की बरसात की आशंका भी पूर्वानुमान में बताई गई थी। बावजूद इसके प्रशासन ने किसान गेहूं ना भीगते इसके इंतजाम आढ़तियों से नहीं करवाए। ऐसी लापरवाही हर छह महीने बाद फसल कटाई सीजन में होती है।

2 दिन और अटकी रहेंगी सांसें

शनिवार और रविवार को वस्टर्न डिस्ट्रबेंस की वजह से राज्य के मौसम में बदलाव आने की आशंका कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से जारी की गई है। इसके अलावा शनिवार दोपहर बाद तक भिवानी, चरखीदादरी, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक और सोनीपत जिले में ओलावृष्टि और बरसात की आशंका जाहिर की गई। किसान किसी भी हालात में इन दो दिनों में फसल की कटाई बिल्कुल भी ना करें।

खरीद का लक्ष्य 3 लाख 20 हजार मीट्रिक टन का तय रखा गया

ध्यान रहे कि साल 2023 में प्रशासन को गेहूं खरीद का टारगेट हासिल नहीं हुआ था। वर्ष 2024 में 2 लाख 95 हजार मीट्रिक टन की खरीद विभिन्न एजेंसियों से की। लेकिन इस बार लक्ष्य 3 लाख 20 हजार मीट्रिक टन का तय किया हुआ है। फसल अच्छी है और ये टारगेट सरकार हासिल भी कर लेगी। लेकिन होगा तब,जब अगले 20-25 दिन मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। ध्यान ये भी रहे कि इस मौसम में जब भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होते हैं तो ओलावृष्टि होने की बहुत ज्यादा आशंका बनी रहती है। मालूम हो कि साल 2022 में समय से पहले तापमान बढ़ा। जिसकी वजह से गेहूं उत्पादन में 15-18 प्रतिशत कमी हुई। तो सरकार के गोदाम खाली रह गए। साल 2023 के मार्च अप्रैल में जब गेहूं फसल शनैःशनै पक रही थी तो बेमौसमी बारिश और भारी ओलावृष्टि हुई। जिससे फसल तबाह हो गई और प्रशासन को गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ। प्रशासन का टारगेट 3 लाख मीट्रिक टन खरीद का था। इसे कम करके 2.25 लाख किया गया। लेकिन यह लक्ष्य पूरा नहीं हुआ।

खुले में पड़ा गेहूं

किसानों के अरमानों पर पानी

पीले सोने पर आफत

बारिश में सन्नाटा

आंधी-बारिश के कारण टूटे बिजली के खंभे, पूरा शहर रहा ब्लैकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली निगम की संपत्ति को खासा नुकसान पहुंचाया। तेज आंधी चलने से ग्रामीण इलाकों में बिजली पोल और ट्रांसफार्मर पोल से गिरकर खेतों और सड़कों पर जा गिरे। हाइटेंशन लाइन की तारें एलटी लाइन में उलझ गई। शहरी क्षेत्रों में तेज हवा से केबल टूटने, ट्रांसफार्मरों से फ्यूज उड़ने और तेज धमाके के साथ स्पार्किंग होती रही। देर रात तक शहर और गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति बन आई। 10 बजे के करीब आंधी और बारिश थमने के बाद बिजली निगम के एक्सईएन, एसडीओ ने टीम के साथ मेंटेनेंस कार्य की कमान संभाली। जिले के उपभोक्ता रात भर बिजली कट की समस्या से परेशान रहे। बिजली कट का सिलसिला देर रात तक चला।

कंट्रोल रूम की घंटी बजती रही

बिजली कट से परेशान उपभोक्ता रात भर कंट्रोल रूम के नंबरों पर कॉल करके बिजली सप्लाई बहाल होने का पता करते रहे। गांवों के फीडर पर बिजली पोल टूटने की पुष्टि हुई। शहर के सेक्टरों की मार्केट में केबिल टूटकर सड़क पर जा गिरी। जगदीश कालोनी में एलटी लाइन की केबिल जल गई। फ्यूज उड़ने से 10 से अधिक कालोनियों में लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता परेशान रहे। बिजली निगम के एसई मनिंद्र सिंह ने बताया कि शाम को अचानक आंधी और बारिश से कई स्थानों पर पोल टूटने का पता चला है।

ट्रांसफार्मर में धमाका

बिजली निगम के अधिकारी बताते हैं कि कंट्रोल रूम में शुक्रवार को करीब 210 उपभोक्ताओं ने शिकायतें दर्ज कराईं। सेक्टर तीन मार्केट में केबिल टूटने से बिजली कट रहा। सेक्टर 14 में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। माजरा गांव में ट्रांसफार्मर की केबिल में फाल्ट आने से पूरे गांव के घरों लो वोल्टेज की समस्या रही।

सरकार पर लापरवाही का आरोप

सरकार की लापरवाही की वजह से हर साल मंडियों में गेहूं भीगता है। सरकार को मंडियों में इतने शेडों को निर्माण करवाना चाहिए कि किसानों को फसल खुले आसमान के नीचे न डालनी पड़ी। जो गेहूं आज शुक्रवार को भीगा है, वह सरकार तुरंत खरीदना चाहिए। किसान गेहूं को सूखाने के लिए कितने दिन तक मंडी में बैठा रहेगा। अगर वह मंडी में रहेगा तो बाकि फसलों को खेत से मंडी लेकर कैसे आएगा।
-प्रीत सिंह, जिलाध्यक्ष
किसान सभा

महम अनाज मंडी में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भीगा, नाकाफी रहे ढंकने के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम और आस पास के इलाके में दोपहर बाद आई तेज आंधी और बारिश की वजह से महम की अनाज मंडी में खुले में पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। मंडी में तिरपाल सहित अन्य व्यवस्थाओं की वजह से आढ़ती और किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा । जबकि बारिश और तेज अंधड़ के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ रही थी। किसान अपनी फसलों को लेकर बेहद चिंतित हैं। शुक्रवार को सायं होते ही अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में काली घटाएं छा गईं। धूल के गुब्बार के साथ तेज आंधी आई और बारिश शुरू हो गई।

खुले में गेहूं की ढेरियां

मौसम खराब होते ही आढ़तियों और किसानों ने अपनी फसल को बचाने का प्रयास जरूर किया, लेकिन उनके प्रयास नाकाफी रहे। अनाज मंडी काफी मात्रा में गेहूं पड़ा है। बारिश के कारण मंडी में पड़ा हजारों क्विंटल भीग गया। मंडी में आई फसल में बारिश के बाद नमी की मात्रा में अधिक वृद्धि हो गई है। खराब मौसम को देखते हुए वे तिरपाल और कैरेट की उचित व्यवस्था नहीं की गई थी। बारिश और आंधी ने मंडी प्रशासन द्वारा किए गए दावों की पोल खोलकर रख दी। बारिश व आंधी की वजह से किसानों का खेतों में चल रहा काम प्रभावित हुआ है। आंधी में सड़कों पर जगह जगह पेड़ गिए गए, जिस कारण चालकों और यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली बाईपास पर होटलों पर की गई छोपेमारी, दो लड़कियों को कराया मुक्त

रोहतक। पुलिस ने छापेमारी दिल्ली बाइपास स्थित होटलों से एक युवती व दो युवकों को काबू किया गया है। होटलों में वेश्यावृति का अवैध धंधा चल रहा था। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। होटलों से दो युवतियों को भी मुक्त कराया गया है। सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली बाईपास स्थित होटलों मे वेश्यावृति का अवैध धंधा चल रहा है। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया के दिशा निर्देशो अनुसार उप पुलिस अधीक्षक गुलाब के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर होटल की तरफ टीम रवाना किया गया। दिल्ली बाईपास स्थित होटलों में पुलिस टीम नें फर्जी ग्राहक बनाकर होटल के अंदर भेजा गया। थाना अर्बन एस्टेट व थाना महिला द्वारा अलग-2 टीमों का गठन कर एक-साथ अलग-2 होटलों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान होटलों में कार्यरत एक युवती व दो युवकों को काबू किया गया। इसके अलावा होटलों से दो युवतीयों को भी मुक्त कराया गया है जिनसे आरोपियों द्वारा जबरदस्ती वेश्यावृति का धंधा कराया जा रहा था। आरोपियो के खिलाफ थाना अर्बन एस्टेट में अभियोग अंकित किया गया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

- होटलों में वेश्यावृति का अवैध धंधा चल रहा था
- आरोपियों के खिलाफ थाना अर्बन एस्टेट में मामला दर्ज किया गया

बदलाव शुक्रवार को लंबित शिकायतों को लेकर होगी समीक्षा

अब सप्ताह में दो दिन सोमवार और बृहस्पतिवार को लगेंगे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

एडीसी ने ली समीक्षा बैठक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित शिकायतों के निपटान की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला नगर योजनाकार सुमनदीप सिन्धु, महिला एवं बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, स्वास्थ्य विभाग से सुरेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

गिरावड़ में मां और बेटे पर चाकू से हमला, पीजीआई में भर्ती

महम। गिरावड़ गांव में मां बेटे पर चाकू से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों घायलों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में गिरावड़ गांव निवासी संत कुमार पुत्र राज सिंह ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसका भाई फूल कुमार रोहतक रहता है। उनके गांव से रोहतक तक एक रोडवेज बस चलती है, जिस पर आनंद पुत्र कर्ण सिंह चालक है। उसने उसके पास दूध लस्सी रोहतक पहुंचाने क लिए आनंद के पास फोन किया था। वह फोन किसी ने उठाकर काट दिया। उसके बाद ड्राइवर आनंद का भाई विनोद उसके घर के सामने आया उसको नाम से पुकारते हुए गालियां देने लगा। कहा कि उसने उसके भाई के पास फोन क्यों किया। वह अभी सबक सिखाता है। उसने अपने पायजामे की आंट से चाकू निकाला। उसके ऊपर चाकू से सीधा वार कर दिया। उसने जान से मारने के इरादे से बाएं हाथ और छाती पर वार किए। आवाज सुनकर उसकी मां सरला भी वहां पहुंच गई। उसकी मां पर भी उसने हमला कर दिया। दोनों मां बेटा को पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित विनोद के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- जान से मारने के इरादे से बाएं हाथ और छाती पर किए कई वार

चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।

यंगभूमि

दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज़्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं अपना करियर

नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

ये करियर ऑप्शन

राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

यहां मिलेगा मौका

ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रिप्ट राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

छात्र कर सकते हैं विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा से संबंधित कोर्स

बायोलॉजी से 12वीं करने के बाद छात्र को मिलते हैं कई ऑप्शन और करियर विकल्प

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

यही करियर बनाने का सही समय

एक 12वीं कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी के जीवन में अहम बदलाव आते हैं और यही वह मोड होता है, जहां पर खड़े रहकर हर एक विद्यार्थी सोचता है कि अब किस तरफ जाना है क्योंकि 12वीं कक्षा तक का रास्ता आसानी से पास हो जाता है। लेकिन अब 12वीं बायोलॉजी के बाद अनेक सारे रास्ते होते हैं, जिसमें से एक बेहतरीन और अपने लिए सही रास्ते का चयन करना काफी मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थी 12वीं तक कुछ ज्यादा भविष्य के बारे में नहीं समझ पाते हैं। इसीलिए अब 12वीं के बाद उन्हें अपने भविष्य के लिए भी रास्ते का चयन करना होता है। तो 12वीं के बाद क्या करें ये हर एक विद्यार्थी के मन में प्रश्न उठता है। बता दे की 12वीं कक्षा निर्धारित किए गए सिलेबस के तहत होती है। 10वीं कक्षा तक का निर्धारित किए गए सिलेबस के आधार पर ही पढ़ाई होती है तथा 10वीं के बाद विद्यार्थी अपनी इच्छा से मौजूद सिलेबस में से किसी सिलेबस का चयन करके उसके तहत आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। 10वीं कक्षा के बाद अधिकांश विद्यार्थी बायोलॉजी की तरफ बढ़ते हैं और 11वीं तथा 12वीं कक्षा बायोलॉजी से पास करते हैं। लेकिन 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अब आगे क्या करें यह सवाल उनके मन में भी रहता है। बायोलॉजी सिलेबस मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित किया गया है। अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं। मेडिकल या चिकित्सा के क्षेत्र में किसी पद पर कायम होकर अपने बेहतर भविष्य की कल्पना करते हैं। तो 10वीं के बाद बायोलॉजी विषय ही लिया जाता है बायोलॉजी विषय काफी महत्वपूर्ण और कठिन भी होता है तथा कुछ विद्यार्थियों को इसमें रुचि भी आती है। लेकिन 12वीं कक्षा बायोलॉजी में पास करने के बाद अब विद्यार्थी को क्या करना चाहिए इस बारे में भी जान लेना बहुत जरूरी है क्योंकि विद्यार्थी 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अनेक सारे रास्ते देख कर यह समझ नहीं पता है कि अब उसे क्या करना चाहिए और उनके लिए कौन सा रास्ता सही है?

बायो से क्या-क्या बन सकते हैं

अगर आप भी बायोलॉजी के विद्यार्थी हैं और अपने 12वीं कक्षा बायोलॉजी सिलेबस के तहत पास कर ली है, तो अब आपके सामने विभिन्न प्रकार के रास्ते हैं इनमें से सही रास्ता कौन सा है? आपको किस पद पर चलना चाहिए? इस तरह के सवाल आपके मन में आते हैं, तो हम आपको बता देते हैं कि बायोलॉजी से 12वीं कक्षा पास करने के बाद आप मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्यरत हो सकते हैं। अगर आप यह सोचते हैं कि सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर ही बन सकते हैं, तो ऐसा आप गलत सोचते हैं। 12वीं कक्षा में बायोलॉजी विषय से सफलता प्राप्त करने के बाद आप विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा के क्षेत्र वाले कोर्स कर सकते हैं और उन कोर्स को करके एक बेहतरीन करियर की कल्पना कर सकते हैं। तो आईए जानते हैं

नर्सिंग कोर्स

बायोलॉजी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करने के बाद अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा नर्सिंग कोर्स का चयन किया जाता है क्योंकि नर्सिंग कोर्स के तहत विद्यार्थियों को डॉक्टर की सहायता करना सिखाया जाता है कि किस तरह से मरीज के साथ काम करना है। मरीज को किस तरह से आराम देना है और उसका ट्रीटमेंट कैसे करना है। नर्स बनने के लिए नर्सिंग कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स से अस्पताल में डॉक्टर के साथ काम करना सिखाया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद शुरुआती समय में ही आपको आसानी से 25 से 30000 रुपये मिल जाते हैं और अनुभव के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी भी हो जाती है।

साइकोलॉजिस्ट कोर्स

इस भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण लोग मानसिक रूप से परेशान होते हैं, तनाव में आ जाते हैं और उन्हें साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वो साइकोलॉजिस्ट उन्हें मानसिक रूप से उसे सिचुएशन से बाहर निकालने की कोशिश करता है और इसके बदले में वह मोटी फीस लेता है। तो आप भी बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद साइकोलॉजिस्ट बन सकते हैं। इसके लिए आपको बैचलर ऑफ साइकोलॉजी डिग्री कोर्स करना होगा। यह कोर्स तीन वर्ष कोर्स है। इस कोर्स को करने के बाद आपको 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स भी करना होगा, उसके बाद आप साइकोलॉजिस्ट बन जाएंगे।

न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स

वर्तमान समय में लोग सही तरह के खाने पीने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसके लिए उन्हें न्यूट्रिशन एवं डाइटिस्ट की आवश्यकता होती है। बता देते हैं कि किसी व्यक्ति को न्यूट्रिशन कितना लेना चाहिए, किस मात्रा में लेना चाहिए, किस समय लेना चाहिए? ये एक न्यूट्रिशन बता सकता है और व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए कौन-कौन सा खाना खाना चाहिए, कितनी डाइट होनी चाहिए, अपनी डाइट में क्या-क्या शामिल करना चाहिए? यह सभी एक डायटिस्ट बता सकता है। इसीलिए इन दोनों को मिलाकर न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स को करने के बाद आप लोगों को सही प्रकार से भोजन करना सीख सकते हैं।

बी डी एस कोर्स

बीडीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ डेंटल साइंस होता है। यह एक अंडरग्रैजुएट कोर्स है। जो 12वीं के बाद करवाया जाता है यह 3 वर्ष का कोर्स होता है। बैचलर ऑफ़ डेंटल साइंस नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स को करने से दांतों का डॉक्टर बन जा सकता है यानी इस कोर्स में दांतो से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस कोर्स के दौरान स्टूडेंट को दांतो से संबंधित बीमारियों की जानकारी दी जाती है। दांतो के मरीज का इलाज कैसे करना है यह भी सिखाया जाता है। आप बैचलर ऑफ डेंटल साइंस कोर्स करके प्राइवेट और गवर्नमेंट हॉस्पिटल में डेंटिस्ट बन सकते हैं। वर्तमान समय में दांतो के डॉक्टर हर महीने 2 से 5 लाख आसानी से कमा लेते हैं।

डर्मेटोलॉजिस्ट कोर्स

अगर आप त्वचा यानी स्क्रीन की बीमारियों का इलाज करने वाला डॉक्टर बनना चाहते हैं यानी आप त्वचा चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो यह कोर्स खास आपके लिए हैं। इस कोर्स को 12वीं कक्षा में बायोलॉजी में सफलता प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स के तहत त्वचा से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जैसे कि मुंहासे, शरीर में धब्बे, खुजली आदि का इलाज कैसे करते हैं? ये समस्याएं क्यों उत्पन्न होती हैं? इसके लिए कौन-कौन सी दवाइयां हैं? किस तरह की चिकित्सा प्रणाली है? इस बारे में जानकारी दी जाती है। डर्मेटोलॉजिस्टिक बनकर आप हर महीने शुरुआती तौर पर 50000 रुपये से भी अधिक कमा सकते हैं।

रेडियोग्राफी कोर्स

वर्तमान समय में रेडियो ग्राफिक कोर्स करने वालों की डिमांड काफी ज्यादा देखने को मिलती हैं। बता देते हैं कि रेडियोग्राफी कोर्स करने से आपको मरीज के जांच वाली मशीनों का ज्ञान दिया जाता है। आज के समय में जब हम बीमार पड़ते हैं, तो सबसे पहले हमारा एक्स-रे किया जाता है, हमारा ब्लड टेस्ट किया जाता है, सिटी स्कैन किया जाता है, एमआरआई स्केन किया जाता है, लैब टेस्ट किया जाता है और विभिन्न प्रकार के टेस्ट एवं जांच की जाती है। उन सभी के लिए वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार की मशीन है और उपकरण आ चुके हैं। इन मशीनों और उपकरणों को चलाने तथा सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए रेडियोग्राफी कोर्स किया गया है। आप इस रेडियोग्राफी कोर्स को करके हर महीने 50000 तक आसानी से कमा सकते हैं।

बी फार्मा कोर्स

बी फार्मा कोर्स को बैचलर ऑफ़ फार्मेसी भी कहते हैं। इस कोर्स की मदद से आपको दवाइयां का ज्ञान हो जाता है। औषधीय का ज्ञान हो जाता है। चिकित्सा और मेडिकल के क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली संबंधित दवाइयां और औषधीय किस समय किस मरीज को कौन सी बीमारी के समय कितनी उपलब्धता के आधार पर देनी होती है। इस बात की जानकारी इस कोर्स में उपलब्ध है। इस कोर्स को करने से दवाइयां के इस्तेमाल के बारे में पूरी जानकारी पता चल जाती है जिसके बाद आप अपना खुद का मेडिकल स्टोर भी खोल सकते हैं या मेडिकल क्षेत्र में काम भी कर सकते हैं। इसके लिए आप डिप्लोमा इन फार्मेसी, बैचलर ऑफ फार्मेसी या फिर मास्टर ऑफ साइंस ऑफ फार्मेसी कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप हर महीने 30 से 35000 आसानी से कमा सकते हैं

पैरामेडिकल कोर्स

बायोलॉजी विषय के अंतर्गत 12वीं कक्षा पास करने के बाद पैरामेडिकल कोर्स का चयन भी बड़ी मात्रा में किया जाता है। बता देते हैं कि पैरामेडिकल कोर्स में फार्मेसी नर्सिंग तथा हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आप हेल्थ केयर सेक्टर में बड़े पदों पर नौकरियों का सकते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने के बाद हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब करने पर शुरुआती तौर पर आप हर महीने 30 – 35000 हजार रुपए आसानी से कमा सकते हैं और उसके बाद 4-5 साल के एक्सपीरियंस के बाद आप हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए भी आसानी से कमा सकते हैं।

एमबीबीएस कोर्स

एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी होता है। बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद सबसे अधिक चयन किए जाने वाले कोर्स की सूची में सबसे पहले एमबीबीएस कोर्स का नाम ही आता है। लेकिन यह काफी कठिन कोर्स है इसके लिए आपको केंद्रीय स्तर पर आयोजित नीट एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा और उस एग्जाम में अच्छे अंक लाकर मेरिट में भी स्थान बनाना होगा, तभी आप इस कोर्स के लिए इलीजिबल माने जाएंगे। बता दें कि इस कोर्स को करने के लिए 12वीं कक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करना जरूरी है। इस कोर्स में आपको डॉक्टर बनने से संबंधित पूरी जानकारी बताई जाती है, जिसके बाद आप किसी विशेष स्पेशलाइजेशन के डॉक्टर बन जाते हैं। स्पेशलाइजेशन जैसे कि न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, एनएसथीसिया स्पेशलिस्ट आदि।

खेलों से प्रेरणा लेकर तनाव से निपटें और सकारात्मक सोच अपनाएं

मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में हर छात्र के सामने कई चुनौतियां आती हैं-पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की तैयारी, भविष्य की चिंता और कभी-कभी व्यक्तिगत परेशानियाँ। इन सबके बीच तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच के लिए भी एक शानदार जरिया हो सकते हैं? आइए जानते हैं कि कैसे खेलों से प्रेरणा लेकर आप अपने जीवन में तनाव को कम कर सकते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना सकते हैं।

हार को भी जीत की सीढ़ी बनाएं

खेलों में हर खिलाड़ी को हार और जीत दोनों का सामना करना पड़ता है। सचिन तेंदुलकर, पी.वी. सिंधु या विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भी अपने करियर में कई बार असफलताओं का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार को कभी अंत नहीं माना। हार उनके लिए एक सबक थी, एक नई शुरुआत का मौका थी। जब आप पढ़ाई में कम नंबर लाएं या किसी लक्ष्य को हासिल न कर पाएं, तो उसे खेल की तरह देखें। हार से सीखें, अपनी कमियों को सुधारें और अगली बार दोगुनी मेहनत के साथ मैदान में उतरें। यही सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ाएगी।

टीमवर्क से सीखें एकजुटता : क्रिकेट, फुटबॉल या कबड्डी जैसे खेल हमें सिखाते हैं कि अकेले नहीं, बल्कि टीम के साथ मिलकर बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। जब तनाव बढ़ता है, तो अपने दोस्तों, परिवार या शिक्षकों का साथ लें। उनसे बात करें, अपनी परेशानियाँ साझा करें और मदद मांगने में संकोच न करें। जैसे मैदान पर हर खिलाड़ी अपनी भूमिका निभाता है, वैसे ही आपके जीवन में भी लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकते हैं। यह एकजुटता आपको तनाव से लड़ने की ताकत देगी।

लक्ष्य निर्धारित करें, छोटे कदमों से आगे बढ़ें : खेलों में हर खिलाड़ी का एक लक्ष्य होता है-चाहे वह रन बनाना हो, गोल करना हो या मेडल जीतना हो। लेकिन यह लक्ष्य रातोंरात हासिल नहीं होता।

शारीरिक सक्रियता से दूर करें तनाव

खेल न सिर्फ दिमाग को तरोताजा करते हैं, बल्कि शरीर को भी ऊर्जा देते हैं। जब आप तनाव में हों, तो कुछ देर के लिए किताबें बंद करें और बाहर निकलें। दौड़ें, बैडमिंटन खेलें, या बस अपने दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की मस्ती करें। शारीरिक गतिविधि से आपके शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो तनाव को कम करता है और आपको खुश रखता है। रोजाना 20-30 मिनट का खेल आपके दिमाग को शांत करेगा और सकारात्मक ऊर्जा देगा।

अनुशासन और समय प्रबंधन की कला : खिलाड़ी अपने जीवन में अनुशासन और समय का सही उपयोग करना सीखते हैं। सुबह जल्दी उठना, अभ्यास करना, और अपने लक्ष्य पर ध्यान देना यह सब खेल हमें सिखाते हैं। आप भी अपने दिन की योजना बनाएं। पढ़ाई, खेल और आराम के लिए समय निर्धारित करें। जब आपका जीवन व्यवस्थित होगा, तो तनाव अपने आप कम हो जाएगा। अनुशासन आपको यह एहसास दिलाएगा कि आप अपने जीवन के मालिक हैं।

हर दिन खुद को प्रेरित करें : खेलों में खिलाड़ी हर मैच को एक नई चुनौती की तरह लेते हैं। आप भी हर दिन को एक नया मौका मानें। सुबह उठकर खुद से कहें, "आज मैं कुछ नया सीखूंगा, कुछ बेहतर करूंगा।" अपने पसंदीदा खिलाड़ी की मेहनत और संघर्ष की कहानियों को याद करें। उनकी तरह आप भी अपने सपनों के लिए लड़ सकते हैं। यह सोच आपको तनाव से निकालकर सकारात्मक दिशा में ले जाएगी।

सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

2. अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

3. निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

4. निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

5. निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

6. किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

7. टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

8. पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

खबर संक्षेप

कर्मचारियों ने सीएम के नाम ज्ञापन डीसी को सौंपा

रोहतक। सर्व कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों से हटाए गए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को वापस लेने व आगे से न हटाते हुए रेगुलर करने का ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को भेजा। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच व संचालन जिला सचिव मनजीत पांचाल ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सचिव जयवीर चहल, राज्य उप महासचिव संदीप सांगवान व राज्य कमेटी सदस्य सुमेर सिवाच, प्रेम घिलौडिया व निशा रही।

गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में हुआ सम्मान समारोह

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में खेल विभाग के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. महाश्वेता रही। खेल विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. महाश्वेता ने सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को महाविद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात सभी स्टाफ सदस्यों, अंपायरों, रेफरियों, ग्राउंड स्टाफ को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में खेल विभाग प्रतिवर्ष अनेकों गतिविधियों का आयोजन करता है जो कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सहायक होती हैं।

पेट्रोल डीजल को लेकर 16 को होगा प्रदर्शन

रोहतक। बिजली की बढ़ाई गई दरों को वापिस लेने,रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रू की बढ़ोतरी और पट्रोल -डीजल पर 2 रु अधिभार डालकर मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों पर फिर बढ़ाया महंगाई का बोझ। 16 अप्रैल को माकपा करेगी प्रदर्शन। उक्त निर्णय शुक्रवार जसबीर स्मारक में हुई पार्टी जिला कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिवमंडल सदस्य कामरेड विनोद ने की। मीटिंग में सीपीआई(एम) जिला सचिव सतबीर सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने फिर से रसोई गैस सिलेंडर पर 50 रुपए और पैट्रोल-डीजल पर 2 रुपए अधिभार लगाकर लोगों के ऊपर महंगाई का और बोझ बढ़ा दिया है।

मॉकटेल व कुकिंग सत्र का आयोजन

रोहतक। आईएचएम रोहतक में केरमिका कंपनी द्वारा मॉकटेल तथा कुकिंग सेशन आयोजित किया गया। तिलियार स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित कंपनी केमिका द्वारा एक मॉकटेल तथा कुकिंग सेशन का आयोजन किया गया। यह जानकारी वर्कशॉप संयोजक विकास देशवाल ने दी। उन्होंने बताया कि केमिका कम्पनी के वरिष्ठ मैनेजर राहुल कुमार, शेफ अंकुर शर्मा, शेफ पंकज कुमार, गौरव शर्मा आदि रहे।

नलकूपों से पानी भरने को मजबूर हो रही कॉलोनी की महिलाएं

आंबेडकर कॉलोनी गली नंबर एक में पानी न आने से सैकड़ों परिवार परेशान

प्रशासन के बड़े अधिकारियों को शिकायत कर चुके है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आंबेडकर कॉलोनी में अनियमित पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर लोग परेशान हो चुके है। वह कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सुनवाई होती है तो दो दिन ही पानी ठीक तरह से आता है। उसके बाद हालत वहीं बन जाते है। अब तो नलों में दूषित पेयजल भी आने लगा है। ऐसे में घरों में लगी टूटियां तक खराब होने लगी है। पानी का बिल समय पर नहीं भरा जाए तो यह जुर्माना लगा देते है। लेकिन सप्लाई में लापरवाई कर रहे है।

आंबेडकर कॉलोनी वासी समाजसेवी जसबीर कुमार, गीता, सीमा, रामभज, समुंदर, पुष्पा, शांति बबली व मीना व नेहा ने बताया कि गली नंबर एक में 35 से ज्यादा मकान है और वो पिछले कई सालों से नियमित पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। पहले भी बहुत बार प्रशासन के बड़े अधिकारियों को शिकायत कर चुके लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। लोगों ने कहा कि पानी की आपूर्ति की लिए मजबूरी में उन्हें पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। पूर्व में हुई पानी की समस्या को लेकर आंबेडकर कॉलोनी के लोग एसई से मिले थे। तब एसई ने सख्ती दिखाते हुए कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अभियंता, कनिष्ठ अभियंता से जवाब तलब करते हुए तीनों की कार्यप्रणाली की सूचना विभाग को शीर्ष अधिकारियों को भेजी थी। तब मामला बिगड़ता देख तीनों अधिकारी शिकायतकर्ताओं के मोहल्ले ही पहुंच गए थे। लेकिन उसके बाद हालात नहीं सुधरे और कॉलोनी में पेयजल की वहीं समस्या रही।

पानी की किल्लत पर बोले लोग

साढ़े छह साल से पानी की समस्या से जूझ रहे है। बहुत बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नही हो रहा है। जब ज्यादा ही परेशान हो गए तो उन्हें एसई कार्यालय का घेराव करने मजबूर होना पड़ा।

-जसबीर कुमार

अनियमित पेयजल सप्लाई ने उनको परेशान कर दिया है। पानी की आपूर्ति के लिए या तो टैंकर मंगवाओ या फिर दूर-दराज लगे नलकूपों से भरकर लाओ। अधिकारी समस्या का समाधान कर नहीं रहे है।

-नेहा

जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जब कॉलोनी में नियमित पेयजल की सप्लाई ही नहीं देनी थी तो फिर लाइन ही क्यों बिछाई गई।

-गीता

एक तो भीषण गर्मी और ऊपर से मौसम भी कई बार खराब हो जाता है। ऐसे में उनके लिए दूर दराज लगे नलकूपों से पानी लाना भी मुसीबत बन जाता है। उनका आधा समय पानी की जरूरत पूरी करने में ही निकल जाता है। पानी की समस्या सभी के लिए मुसीबत बनी हुई है।

-सीमा

बोले अधिकक्कारी

इस तरह की कोई शिकायत आई है तो उसका तुंरत समाधान करवाया जाता है। अगर फिर भी कहीं गडबड़ी हुई है तो उसका समाधान करवाया जाएगा। आमजन को पेयजल सप्लाई के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। अगर कहीं दिक्कत चल रही है तो वहां पर पानी के टैंकर भिजवाए जाएंगे।

रोहित कुमार, कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

आयुष विभाग ने होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया

रोहतक। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सैनी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि डॉक्टर सैम्यूल हैनिमैन के जन्मदिन दिवस 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया जाता है। आयुर्वेदिक अधिकारी के आदेश अनुसार चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच की और उनको निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। चिकित्सा शिविर में 280 मरीजों की जांच की गई। शिविर में कॉलेज के महासचिव डॉक्टर राजेश सैनी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मैनेजर ऋतुराज सैनी, श्याम कटारिया, रविंद्र सैनी, नरेंद्र, प्रवीण, जयभगवान, होम्योपैथी चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टर अरिन्दम रॉय,योगा स्पेशलिस्ट डॉक्टर पूजा, होम्योपैथिक चिकित्सक अधिकारी- डॉ शांतनु ,डॉ बिजेंद्र डबास,डॉ कपिल गुप्ता, डॉ विवेक गुप्ता, डॉ ऋषभ,डॉ निशा, डॉ नेहा के साथ फार्मासिस्ट प्रेमवती , राकेश शिक्षा,अजय, मंजू बाला, कांता ने शिविर में भाग लिया।

महाराजा अग्रसेन भवन में हुआ अभिनंदन समारोह

रोहतक। एक रुपया एक ईंट चौक के पास महाराजा अग्रसेन भवन के प्रांगण में सुन्दरकांडपाठ, कीर्तन एवं अभिनन्द समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, समारोह अध्यक्ष भाजपा हरियाणा के उपाध्यक्ष मनीष ग्रोवर, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय बंसल, विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर नगर निगम मनमोहन गोयल, समाज सेवी उद्योगपति सुरेन्द्र जैन, एल.पी.एस. बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन की पुत्र वधू स्मृद्धि जैन रही। मुख्य अतिथि महिपाल ढांडा ने कहा कि यह ट्रस्ट बहुत अच्छे कार्य कर रहा है। यह हर क्षेत्र में जरूरतमंदों की सहायता करता है। रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, आंखों की जांच, दांतों की जांच, गरीब कन्याओ की शादी करवाने आदि अनेकों कार्य करता है।

जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में मनाई बैशाखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बैसाखी व डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती व बैसाखी पर्व संयुक्त रूप से बड़े हर्षोल्लास व पारंपरिक अंदाज से मनाया गया। छात्रों ने पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में गीत, कविता पाठ, नृत्य, भाषण, पंजाबी भांगड़ा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुतियां दी। फसलों के त्यौहार के अवसर पर नर्सरी, केजी और यूकेजी के बच्चों ने अध्यापिकाओं के निर्देशन में क्राफ्ट वर्क में बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें बच्चों ने सुंदर चित्रों में रंग भरकर व रंग बिरंगे चित्र बनाकर इस त्यौहार को ओर भी रंगीन बना दिया। बच्चों को इस अवसर पर वीरता एवं साहस की प्रतिमूर्ति मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले खालसा पंथ के संस्थापक दसवें गुरु गोविंद सिंह की शिक्षा और त्याग से भी परिचित करवाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने बच्चों, स्टाफ सदस्यों को सुख, समृद्धि का प्रतीक बैसाखी की बधाई देते हुए कहा कि बैसाखी फसलों की कटाई का पर्व ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक मूल्यों, मेहनत और एकता का भी प्रतीक है। यह दिन हमें परिश्रम, समर्पण और कृतज्ञता का संदेश भी देता है। इस दिन को हम नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ मनाते हैं ,साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने बैसाखी के दिन ही खालसा पंथ की स्थापना की थी, इसे सिखों के इतिहास के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने दुर्लभ बीमारी का रोबोटिक सर्जरी से किया सफलतापूर्वक इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. रजनीश मल्होत्रा ।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल साकेत के डॉक्टरों ने रोहतक के रहने वाले 16 वर्षीय किशोर में डिस्फैगिया लुसोरिया नामक एक दुर्लभ स्थिति का जटिल रोबोटिक सर्जरी के जरिए सफल इलाज किया। यह स्थिति एक एब्नार्मल आर्टरी के कारण होती है, जो भोजन की नली (ईसोफेगस) पर दबाव डालती है और भोजन निगलने में कठिनाई पैदा करती है।

इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत के सीटीवीएस विभाग के वाइस चेयरमैन एवं हेड डॉ. रजनीश मल्होत्रा ने किया। उन्होंने रोबोटिक सर्जरी द्वारा दाईं सबक्लेवियन आर्टरी की बनावट को ठीक किया, जो भोजन की नली पर दबाव डाल रही थी और मरीज को लंबे समय से परेशानी दे रही थी। यह जानकारी शुक्रवार को एक निजी होटल में डॉ. रजनीश मल्होत्रा ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि मरीज को 22 जनवरी को अस्पताल में भर्ती किया गया था। वह पिछले एक वर्ष से भोजन निगलने में कठिनाई, भोजन के बाद भारीपन और दम घुटने जैसी तकलीफों से जूझ रहे थे। बेरियम स्वालो टेस्ट में पता चला कि उसकी भोजन नली सीने के अंदर दब रही है। आगे की विस्तृत जांच में यह पाया गया कि दाईं सबक्लेवियन आर्टरी भोजन नली के पीछे से गुजर रही है और उस पर दबाव बना रही है। हेड डॉ. रजनीश मल्होत्रा ने कहा "डिस्फैगिया लुसोरिया एक दुर्लभ जन्मजात विकार है, जो जनसंख्या के केवल 0.5% से भी कम में पाया जाता है। इस स्थिति में आर्टरी अपनी सामान्य दिशा की बजाय भोजन नली के पीछे से गुजरती है, जिससे उस पर दबाव पड़ता है और निगलने में कठिनाई होती है। सबक्लेवियन आर्टरी छाती, कंधे और बांह तक रक्त पहुंचाने का कार्य करती है। डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि चूंकि मरीज किशोर अवस्था में है और विकास की प्रक्रिया में है, इसलिए रोबोटिक तकनीक द्वारा एक जटिल मल्टी-स्टेप सर्जरी की गई। इसमें छाती के भीतर असामान्य आर्टरी को अलग कर उसे दूसरी आर्टरी से जोड़ा गया, जिससे दाहिने हाथ में रक्त का प्रवाह प्रभावित न हो।

महात्मा ज्योतिबा फुले के पथ पर चलें नायब सैनी : सुरेन्द्र माडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सामाजिक समरसता के पक्षधर महान विचारक, समाजसेवी, शोषित और वंचितों की आवाज महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती शुक्रवार को हर्ष उल्लास से मनाई गई। सीएम विंडो सहायक, भाजपा नेता अधिवक्ता सुरेन्द्र माडू के कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संकल्प दिवस के रूप में मनाई।

सुरेन्द्र माडू ने बताया की ज्योतिबा फुले सामाजिक समरसता के आधार थे। उन्होंने समाज सुधारक व समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। ज्योतिबा फुले नारी शिक्षा के अगरदूत थे। उन्होंने निर्धन और निर्बल को न्याय दिलाने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की। इनका मूल उद्देश्य स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार प्रदान करना, बाल विवाह का विरोध करना और विधवा विवाह का समर्थन करना रहा। उन्होंने विधवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए बहुत काम किया, इसके साथ ही किसानों की हालत सुधारने और उनके कल्याण के लिए भी काफी प्रयास किए। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए फुले ने 1848 में एक स्कूल खोला। यह इस काम के लिए देश में पहला विद्यालय था। लड़कियों को पढ़ाने के लिए अध्यापिका नहीं मिली तो उन्होंने कुछ दिन स्वयं यह काम करके अपनी पत्नी सावित्री फुले को इस योग्य बना दिया। आज प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी ज्योतिबा फुले के महिला शिक्षा के दिखाए मार्ग पर चल कर उसे सार्थक कर रहे है।

मदीना के आर्य स्कूल में विद्यार्थियों ने मनाया बैसाखी का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान नृत्य, कला व गायन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चो ने गेहूं की बालियों से अनेक प्रकार की कलाकृतियां बनाई। इन कलाकृतियों की सभी ने प्रसंशा की। छोटे बच्चो ने अपनी मधुर आवाज में बैसाखी पर कविताएं सुनाई। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग इंचार्ज पूजा बत्रा ने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि ये पर्व सिखों के धर्म गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना पर मनाया जाता है।

बार सभागार में ज्योतिबा फुले व अंबेडकर की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती धूमधाम से बनाई गई। इस कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुलवंत कलसन ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनी यादव व राज गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों तथा जिला बार एसोसिएशन की समस्त कार्यकारिणी के साथ-साथ सभी अधिवक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद समाज में किए गए योगदान को सराहा।

ग्रामीणों ने सरकार से की सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग की

मदीना में नाम का है मॉडल संस्कृति स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम। मदीना गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित मीटिंग में भाग लेते ग्रामीण व शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

मदीना गांव के राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल में बच्चों के दाखिले की संख्या को बढ़ाने के लिए मेरा गांव मेरी शान संगठन सदस्यों ने ग्राम वासियों को साथ लेकर स्कूल का दौरा किया। ग्रामीणों ने प्राचार्य अनुज मलिक व स्कूल स्टाफ सदस्यों से विचार विमर्श किया। स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ हुई बातचीत में यह बात सामने आई कि मदीना गांव में सरकार ने सरकारी स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा तो दे दिया है। लेकिन विद्यालय में मॉडल स्कूल में दी जाने वाली सुविधाएं नहीं हैं। बिना सुविधाओं के ही विद्यालय को मॉडल बना दिया गया है। मॉडल स्कूल का दर्जा देने से पहले यहां पर विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिएं थी। समाजसेवी जयभगवान ने बताया कि उनके गांव के स्कूल को सरकार ने सिर्फ कागजों में ही मॉडल संस्कृति स्कूल का दर्जा दिया है। लेकिन पिछले दो साल से सरकार द्वारा स्कूल में कोई ग्रांट नहीं दी गई है। स्कूल में साइंस लैब और कंप्यूटर लैब भी नहीं है। स्कूल की बिल्डिंग की चारदीवारी जर्जर हालत में है। ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री से मॉडल संस्कृति स्कूल मदीना में व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग की है। ताकि उनके गांव के अलावा आस पास के गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। यदि इस विद्यालय में सुविधाएं बढ़ जाएंगी, तो अभिभावकों का निजी स्कूलों में भारी फीस भरने से पीछा छुट जाएगा। इस मौके पर संदीप दांगी, अंकित दांगी, प्रदीप दांगी, रविंदर दांगी, कुलबीर दांगी, जयभगवान, राजू,विनोद, अजीत पंचायत सदस्य, राकेश, हनुमान, परविंदर, जगदीप व सुरेंद्र समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
MAID 2
HOUSE KEEPING 2
CLEANERS 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸ GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak-124001 (Haryana) Ph.: 01262-258299,

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
एचआर हेड (महिला)
फील्ड ऑफिसर
टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप्प करें M. 9991789000

NEW FRESH BATCHES
CLAT (LAW) 2026/27
IPM (IIMs) 2026/27
BANK
SSC
MCA
NDA
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

छात्राएं जीवन की चुनौतियों का संयम, धैर्य व विश्वास के साथ करें सामनाः शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत जीवन की चुनौतियों का संयम, धैर्य और विश्वास के साथ सामना करें तथा अंतरआत्मा की आवाज सुनकर आगे बढ़ें। विद्यार्थी भारत के मजबूत विचार विश्व कल्याण व विश्व में शांति का संकल्प लेकर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र तथा दोबारा विश्व गुरु बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। यह बात शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्राओं व शिक्षकों को कही। उन्होंने विभिन्न विषयों में डिग्री प्राप्त करने वाली सभी 1232 छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दर्शना ने सभी छात्राओं को डिग्रियों से अंलकृत किया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का महाविद्यालय परिसर पहुंचने पर एनसीसी की छात्राओं ने गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मान किया। उन्होंने दीक्षांत समारोह में पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दर्शना व कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. मीनू नैन व अन्य के साथ दीप प्रज्जवलित किया तथा इसके उपरांत दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की। उन्होंने डिग्रियों से अंलकृत करने के उपरांत दीक्षांत समारोह के समापन की विधिवत घोषणा की।

उपलब्धियों की जानकारी

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दर्शना ने सभी अतिथिगण का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1974 में स्थापित किए गए प्रदेश के एकमात्र महिला महाविद्यालय में वर्तमान में विभिन्न विषयों की लगभग 6300 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. मीनू नैन ने सभी अतिथिगण का आभार व्यक्त किया। प्राचार्या डॉ. दर्शना, डॉ. मीनू नैन, प्रोफेसर फूलकुमार, डॉ. सुभाष बल्हारा इत्यादि ने मुख्यातिथि व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, विशिष्ट अतिथि व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर को शॉल व पौधा भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, डिग्री हासिल करने वाली छात्राएं व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मिला

रोहतक। ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला। इस दौरान संघ के प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र नांदल ने शिक्षा मंत्री को वर्तमान में गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों की जमीन की शर्त को लेकर अवगत करवाया गया। साथ ही कहा कि इस बारे कोई बीच का रास्ता निकाला जाए। संघ के सदस्यों ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने उनकी बात को ध्यान पूर्वक सुना और आश्वासन दिया जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा मंत्री से मुलाकात करवाने में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर रामअवतार वाल्मिकी, अजय बंसल का योगदान रहा। प्रदेश प्रवक्ता अजय सैनी, उपप्रधान संदीप हुड्डा ने बीच का रास्ता निकलाने का आश्वासन देने पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राजकुमार, मीनू गिरधर, निर्मल रराठी, राजबीर ढुल, शीलू हुड्डा, राजेश सैनी, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।



अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए पारदर्शिता के साथ काम करें पार्षद : महिपाल ढांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने नवनिर्वाचित पार्षदों का आह्वान करते हुए कहा कि वह जन सेवा व विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी न रहने दें। महिपाल ढांडा शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में सभी नव निर्वाचित नगर पार्षदों को सम्मानित भी किया गया।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पार्षदों का यह नैतिक दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूर्ण ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ काम करें। जन सेवा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहे। जनप्रतिनिधियों में आराम की आदत नहीं होनी चाहिए और जनता की सेवा के लिए आलस को त्यागना होगा। उन्होंने पार्षदों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाकर नगर को न केवल सुंदर रूप दें बल्कि विकास तथा मानवता को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएं। विकास के लिए अच्छी योजना बनानी होगी। योजना ऐसी होनी चाहिए जिससे नगर निगम की आय के साधन बढ़ सके। नगर पार्षदों को सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि देश की छोटी से छोटी योजना को धरातल पर लागू करने के सूत्रधार नगर पार्षद व सरपंच ही होते हैं।

सामाजिक-धार्मिक कार्यों में वैश्य समाज का उल्लेखनीय योगदान

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पार्षदों को विकास के मामले में आपस में न उलझने की नसीहत भी दी। वैश्य समाज की सराहना करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करके उन्होंने दूसरे समाज के लोगों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से दूसरे वर्गों से जुड़े लोगों को सीखने की प्रेरणा मिलती है।

इंदौर से पीछे नहीं रहेगा रोहतक शहरः मेयर

नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि सुंदरता व हरियाली के मामले में रोहतक को इंदौर से कम नहीं रहने देंगे। सरकार व पार्षदों के सहयोग से नगर का तेजी से विकास व सौंदर्यकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार 20-20 घंटे तक जन सेवा में जुटे रहते हैं। हम सब उन्हीं से प्रेरणा लेकर जन सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। नगर निगम की ओर से मंत्री महिपाल ढांडा का स्वागत करते हुए रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि अपनी कार्यशैली को लेकर मंत्री महिपाल ढांडा की एक अलग पहचान है।

विकल्प पब्लिक स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल में बैसाखी के अवसर पर प्रातः कालीन विशेष सभा का आयोजन किया गया। जैसमीन सदन से कक्षा नौवीं से रिया नादल ने बैसाखी पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत किये और इस त्यौहार के इतिहास के बारे में बताया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चे पंजाबी वेशभूषा में आये। वहीं कक्षा चौथी के बच्चों द्वारा बैसाखी पर्व पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने बैसाखी पर मधुर गीत भी गाया। प्रधानाचार्या किरन पाहवा ने सभी को बैसाखी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निदेशक सुखबीर सिंह, प्रधानाचार्या किरन पाहवा व कोर्डिनेटर मंजु सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

मुख स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों के दांतों की जांच की

- बच्चों ने रंगोली और स्लोगन के माध्यम से दांतों की देखभाल के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अन्तर्गत चलाए जा रहे मुख स्वास्थ्य जागरुकता अभियान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय व राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सेक्टर-5 में मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। यह शिविर मुख्याध्यापिका नीलम देवी के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. सीमा रानी ने बच्चों के दांतों की जांच की।

बच्चों की दांतों की विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षण ब रोकथाम बारे जानकारी दी गई। बच्चों को जंक फूड व बीड़ी-सिगरेट, तम्बाकू उत्पादों से परहेज करने व पौष्टिक भोजन लेने के बारे में सलाह दी गई। ब्रश दिन में दो बार, दो मिनट हर बार के स्लोगन से जागरुकता का संदेश दिया गया। बच्चों द्वारा ओरल हाइजीन पर रंगोली बनाकर मुख स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। शिविर में बच्चों के दांतों की जांच की गई व रोगियों को उपचार के लिए सिविल डिस्पेंसरी सेक्टर-14 रेफर किया गया। शिविर के दौरान बबीता, सीमा, सरिता, भावना पूनम, सुरेश, स्मृता अंजू, नरेश, मोनिका और प्रीति आदि उपस्थित रहीं।

आर्य बहुतकनीकी संस्थान सांघी शिविर में 67 यूनिट रक्त एकत्रित

रोहतक। चौधरी मातू राम आर्य बहुतकनीकी संस्थान सांघी गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 67 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन संस्थान की एनएसएस ईकाई के द्वारा किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान की आहूति डाली। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने बताया कि एनएसएस एक ऐसी ईकाई है जो कि हमेशा दूसरे लोगों की मदद करने का काम करती है। ऐसे में संस्थान की एनएसएस ईकाई की तरफ से विचार आया कि क्यों ना संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। जिससे लोग रक्तदान कर सकें। इसके बाद संस्थान परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के छात्रों के साथ आम लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में कुल 67 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर एनएसएस अधिकारी दीपक, लेक्चरार सुमित ग्रोवर, प्रिंस, साहिल हुड्डा, विकास सांगवान, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर अशोक और नसीब मौजूद रहे।

योगा ओलंपियाड में खिलाड़ियों ने दिखाए करतब

- कक्षा 6 से 8 में लड़कों में मानव प्रथम और लड़कियों में यशिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

शिक्षा विभाग डाइट मदीना के प्रिंसिपल वीरेंद्र मलिक के दिशा निर्देशन में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का शुक्रवार को गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजन करवाया गया। जिसमें सभी खंडों के सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय के कक्षा 6 से 10 (लड़के व लड़कियां) के चयनित खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योग एक्सपर्ट डॉ. जनक राज ने बताया कि कक्षा 6 से 8 में लड़कों में मानव प्रथम, संजीत द्वितीय, रमन तृतीया और लवीश ने चौथा स्थान व लड़कों में ही कक्षा 9 से 10 में कुणाल प्रथम, दौलतराम द्वितीय, कार्तिक तृतीय और आशीष चौथे स्थान पर रहा। लड़कियों में कक्षा 6 से 8 में यशिका प्रथम, मनीषा द्वितीय, भावना तृतीया और ज्योति चौथे स्थान पर और कक्षा 9 से 10 में श्रुति प्रथम, हिमांशी द्वितीय स्थान, अंजलि ने तृतीय और तन्नू ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

यह सभी चयनित खिलाड़ी 25 अप्रैल को एससीआरटी, गुरुग्राम की ओर से आयोजित करवाई जाने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी विजेता खिलाड़ियों को शिक्षा विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता की संयोजक डॉक्टर सतीश शर्मा (असिस्टेंट प्रोफेसर, डाइट मदीना), गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल, भिवानी रोड, रोहतक की प्रिंसिपल रजनी शर्मा, योग एक्सपर्ट डॉक्टर जनक राज, भूपेंद्र सीनियर लेक्चरर सभी स्कूलों के टीम इंचार्ज प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद रहे।

पुलिस ने दो इनामी आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

पुलिस ने बहुअकबरपुर निवासी युवक व उसके दोस्त पर होली वाले दिन हिसार बाइपास पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों पर दस-दस हजार रुपयों का इनाम घोषित था। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके 4 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 कुलदीप सिंह ने बताया कि होली वाले दिन पुलिस को सूचना मिली कि हिसार बाइपास पर दो युवकों को गोली मारने की घटना को अंजाम दिया गया हैं।

दोनों युवक को ईलाज के लिए दाखिल पीजीआईएमएस कराया गया है। गांव बामडोला जिला झज्जर हाल गांव बहुअकबरपुर निवासी साहिल की शिकायत के आधार पर थाना शहर में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि साहिल ट्रांसपोर्ट का काम करता है। ट्रांसपोर्ट के दौरान साहिल की दोस्ती नसीब के साथ हुई थी। साहिल व नसीब दोनों ने मिलकर करीब 6-7 माह पहले एक ट्रक 13 लाख 45 हजार रुपये में खरीदा था।

ट्रक पर 9 लाख रुपये का फाइनेंस बकाया था। साहिल को अपने हिस्से के 2.25 लाख रुपये और देने थे। करीब एक माह पहले साहिल व नसीब के बीच कहासुनी हो गई। दोनों ने गाड़ी का साझा अलग कर लिया। गाड़ी नसीब को दे दी।

नसीब ने साहिल को 2 लाख रुपये देने थे। नसीब ने साहिल को एक लाख रुपये दे दिए व एक लाख बाद मे देने को कहा। रुपयों को लेकर साहिल व नसीब के बीच विवाद चल रहा था। 13 मार्च को साहिल अपने दोस्त के साथ ऑफिस की तरफ जा रहा था। तभी नसीब ने साहिल की तरफ गोली चलाई। गोली साहिल के सिर को छुती हुई निकल गई। साहिल भागने लगा तो उसकी कमर में गोली लगी।

प्राइवेट स्कूल संचालकों ने शिक्षा मंत्री से शिक्षा नीति व शिक्षक प्रशिक्षण पर की चर्चा

रोहतक। शहर के पीटीसी सर्कल में शुक्रवार को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा पहुंचे। जहा पर उनका सीईओ संदीप गर्ग व हरिओम कौशिक ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसी दौरान चाय पर चर्चा के दौरान विभिन्न स्कूलों के संचालकों ने शिक्षा नीति को और बेहतर बनाने पर चर्चा करते हुए उनके कार्य की सराहना की। चर्चा पर शिक्षा नीति, शिक्षक प्रशिक्षण और छात्रों के विकास पर चर्चा की गई। पीटीसी सर्कल का पूरा स्टाफ भी इस अवसर पर उपस्थित रहा। शिक्षा मंत्री ने पीटीसी स्टाफ से मिलकर उनके काम को जाना और पीटीसी के ईआरपी सिस्टम की बहुत सराहना की। पीटीसी रोबोमैक्स, स्टूडेंट इनोवेशन प्रोग्राम और रोबोमैक्स लैब को वर्चुअली देखा और इसके लैब सेटअप और पाठ्यक्रम की बहुत प्रशंसा की। उन्होंने इन कार्यक्रमों की नवीनता और छात्रों के लिए इसके लाभों की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के संचालक हंसराज, एसके मलिक, अरुण बंसल, अनामिका बलहारा, संजय सोनी व अतर सिंह कौशिक, संतोष कौशिक, सतीश शर्मा, महाराज सिंह व सुमित चावला मौजूद रहे।

रोहतक। विजेता छात्रों को सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉ. शबनम राठी।

जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने अनुगूंज सांस्कृतिक महोत्सव में बिखेरा प्रतिभा का जलवा

रोहतक। कुरुक्षेत्र स्थित दयानंद महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव अनुगूंज में अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय, रोहतक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने बताया कि इस महोत्सव में महाविद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने 9 विभिन्न विधाओं में भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष के छात्र जतीन मलिक ने हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं बीएजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र अरमान ने लोक गायन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में डॉ. अनिल खत्री, डॉ. सीमा एवं डॉ. शालू ने संयोजक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

नशे के खिलाफ विचार गोष्ठी का आयोजन

रोहतक। रेड क्रॉस भवन में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं वंदन साहित्यिक मंच के सांझा प्रयास से नशे के खिलाफ एक विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस के वॉलिंटियर्स के अलावा हरियाणा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए कवियों एवं साहित्यकारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रेड क्रॉस भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक ओर जहां ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व निदेशक धर्मपाल मलिक उपस्थित हुए, वहीं दूसरी ओर 25 से अधिक हरियाणवी फिल्मों में काम कर चुके महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण विभाग के पूर्व निदेशक जनार्दन शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस काव्यगोष्ठी में प्रो. अंजना गर्ग, प्रो. श्यामलाल कौशल, बलवीर सिंह ढाका, नरेंद्र कुमार, पवन मित्तल, कृष्णलाल गिरधर, जय भगवान यादव (हिसार), करण सिंह (खरावड़), डॉ. सत्यवीर सिंह, अनिल कौशिक, लोककवि रघुवीर शर्मा (मदीना), पवन गहलोत, मिथिलेश, महेंद्र सिंह बिलोटिया आदि मौजूद थे।

साइक्लोथॉन-2.0 आज पहुंचेगी रोहतक

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में साइक्लोथॉन-2.0 हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना टैगलाइन के साथ नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में जिले की सक्रिय भागीदारी रहेगी। 12 अप्रैल को साइक्लोथॉन का स्वागत गांव करौंथा में प्रवेश के दौरान किया जाएगा। नशे के खिलाफ मुहिम में प्रशासन के साथ ही आमजन की सहभागिता के साथ बेहतर प्रबंधन में साइक्लोथॉन को अगले जिले के लिए 15 अप्रैल को रवाना किया जाएगा। साइक्लोथोन का 13 व 14 अप्रैल रोहतक में विश्राम रहेगा। डीसी ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना संदेश के साथ गांव करौंथा में प्रवेश करेगी। गांव करौंथा में साइक्लोथॉन का स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा मुख्यअतिथि होंगी। यह यात्रा गांव मायना, रुपया चौक व राजीव चौक से होती हुई महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल छात्रावास में पहुंचेगी। यहीं पर ही प्रतिभागियों का दो दिन का विश्राम रहेगा। साइक्लोथॉन-2.0 को 15 अप्रैल को सुबह 7 बजे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से हरी झंडी दिखाकर अगले गांवों व जिले के लिए रवाना किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मुख्यअतिथि होंगे। साइक्लोथॉन गांव बोहर, भालौठ व कंसाला पहुंचेगी। कंसाला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि मुख्य अतिथि होंगे। गांव कंसाला व हुमायूंपुर होती हुई यह साइकिल रैली सोनीपत जिले के लिए प्रस्थान करेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

20 को उचाना में मनाई जाएगी धन्ना भगत की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

धन्ना भगत की जयंती इस बार भी बड़े धूमधाम और भव्य तरीके से मनाई जाएगी। धन्ना भगत की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण देने रोहतक जाट भवन में पहुंचे राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि 20 अप्रैल को धन्ना भगत की जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम जींद जिला के उचाना में होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। राज्यसभा सांसद ने उपस्थित सभी लोगों को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया।

सुभाष बराला ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनी। उस समय के वर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संत महात्माओं और महापुरूषों की जयंती मनाने का निर्णय लिया था, तभी से हरियाणा में महान पुरुषों और संत महात्माओं की जयंती प्रदेश स्तर पर मनाई जा रही है। बराला ने उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि 20 अप्रैल को अधिक से अधिक संख्या में उचाना पहुंचे।

रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा जयंती समारोह के जिला संयोजक ने कहा कि भगत शिरोमणि धन्ना जाट की जयंती में अधिक से अधिक संख्या में रोहतक से लोग अपने निजी वाहनों के साथ कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

ये रहे मौजूद

भगत शिरोमणि धन्ना जाट की जयंती समारोह बैठक में जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका,पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा,सह संयोजक भाजपा नेता नवीन ढुल,रणबीर नांदल,राजेश प्रधान,कर्नल संदीप नैन, राज कुमार,जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा व राजबीर आर्य और इसके अलावा विभिन्न खापों के प्रधान में मुख्य रूप से सूरजभान सर्व जातीय दाड़न खाप,राजकुमार फौजी बालंद सतगामा खाप ओमप्रकाश नांदल खाप जयवीर कुंडू कुंडू खाप, कृष्ण नेहरा खाप, धर्मबीर पहलवान अठगामा, जयवीर अहलावत अहलावत खाप, कुलदीप गठवाला खाप, जयवीर ढुल जाट भवन प्रधान, कप्तान सिंह सचिव देशवाल खाप,कुलवीर नरवाल, प्रेम सिंह हुड्डा, सुरेश अहलावत, भूपेन्द्र खत्री धर्मबीर फ्रौजी, अजय शर्मा, सोनू दलाल, शीशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।